**Ruling regarding Notices of Adjournment Motion**

माननीय अध्यक्ष **:** माननीय सदस्यगण, मुझे कई माननीय सदस्यों द्वारा कुछ विषयों पर स्थगन प्रस्ताव की सूचनाएं प्राप्त हुई हैं । मैंने स्थगन प्रस्ताव की किसी सूचना की अनुमति नहीं दी है ।

? (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष**:** जिन लोगों के स्थगन प्रस्ताव की सूचना आई है, उनमें श्री राजेश रंजन, श्री मनीश तिवारी, श्री गौरव गोगोई और प्रो**.** सौगत राय जी हैं । सौगत राय जी रोज नोटिस लगाते हैं और मनीश तिवारी जी भी रोज एक विषय पर नोटिस लगाते हैं । इनके अलावा श्री राजकुमार रोत, श्री सप्तगिरी शंकर उलाका, श्री कोडिकुन्नील सुरेश, श्री बी. मणिक्कम टैगोर, श्री शफी परम्बिल, श्री विजयकुमार, श्री धर्मेन्द्र यादव, श्री नीरज मौर्य, श्री के. सी. वेणुगोपाल और श्री बैन्नी बेहनन हैं ।

? (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष **:** आप एक मिनट बैठिए ।

? (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष **:** सभा पटल पर पेपर रखे जाने के पश्चात् जिन सदस्यों का आज शून्यकाल की लिस्ट में नाम आया है, उनको मौका दिया जाएगा । तेल क्षेत्र विधेयक की समाप्ति के पश्चात् जो माननीय सदस्य अनुमानित चार बजे के बाद शून्य काल पर अपना विषय रखना चाहते हैं, वे तीन बजे तक सारे विषय लिखकर टेबल ऑफिस पर दे दें । यदि मैं उचित समझूंगा तो तीन बजे के बाद सभी माननीय सदस्यों को शून्य काल में बोलने का अवसर दिया जाएगा ।

________

-

**12.04 hrs**